तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 28 दिसंबर 2025





13 भगवान कृष्ण की पूजा-अर्चना और भक्ति ...



14 मर्यादा मनुष्य के चरित्र और संस्कार को दर्शाता है






# कला-संस्कृति की प्रतिमाएं तोड़ी, फॉरेंसिक टीम ने की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय में विभिन्न स्थानों पर स्वतंत्रता संग्राम तथा छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं रहन-सहन को प्रदर्शित करते हुए अलग-अलग मूर्तियों की स्थापना की गई। उक्त मूर्तियों के तोड़फोड़ होने की सूचना नगर पालिका अध्यक्ष बलौदाबाजार द्वारा दर्ज कराई गई है।

मूर्तियों का निम्न गुणवत्ता पूर्ण निर्माण एवं पहले से ही उनमें दरार होने से उक्त मूर्तियों का टूट कर गिरा होना प्रतीत हो रहा हैं। प्रकरण में पुलिस द्वारा लोक निर्माण विभाग को स्थापित मूर्तियों की समुचित जांच कार्रवाई करने हेतु पत्राचार किया गया है। लोक निर्माण विभाग से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर मूर्तियों का निर्माण कार्य करने वाली संबंधित एजेंसी के विरुद्ध विधिवत दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

इसके साथ ही जिला मुख्यालय में स्थापित प्रतिमाओं एवं मूर्तियों की सुरक्षा व्यवस्था एवं उन पर 24 घंटे सतत निगरानी करने के लिए, संबंधित स्थलों में उच्च क्वालिटी एवं पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा लगाने के सांथ ही उसका फीड, कंट्रोल रूम बलौदाबाजार में देने हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार को पत्राचार भी किया गया है।

## पहले से उनमें दरार होने की बात आयी सामने





### जांच में मूर्तियों का निर्माण निम्न गुणवत्ता का मिला

सूचना पर थाना सिटी कोतवाली का पुलिस बल एवं फॉरेंसिक अधिकारी राजीव पंकज द्वारा उक्त मूर्तियों का विधिवत जांच की गई, जिसमें प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि उक्त सभी मूर्तियों का निर्माण अत्यंत निम्न गुणवत्ता से हुआ है तथा मूर्तियों में पहले से ही दरार बनी हुई है।

## खबर संक्षेप

### अस्पताल के कर्मचारी से मारपीट

**महासमुंद।** निजी अस्पताल के कर्मचारी से मारपीट किए जाने के मामले में सिटी कोतवाली थाने में आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी नितेशराज साहू निवासी वार्ड नं. 09 रमनटोला का निवासी ने बताया कि वह महासमुंद के एक निजी अस्पताल स्टाफ नर्सिंग के पद पर पदस्थ है। 26 दिसंबर की सुबह 11 बजे अस्पताल पार्किंग के पास खड़ा था, इसी दौरान पीछे से एक स्कूटी में दो लड़के आये, जिसमे से एक नाम समीर देवार था। समीर देवार ने उसकी कार से अपनी स्कूटी को आगे किया और मुडकर पास आया, जब उसने उसकी तरफ देखा तो आरोपी समीर देवार गाली गलौज करते हुए तुम घूरकर क्यों देख रहे हो, मेरे को जानते नहीं हो, मेरे नाम से शहर के लोग डरते हैं, तुमने मेरा नाम नहीं सुना है क्या, कहने लगा।

### बलवा : पुरानी रंजिश और ड्राइवर रखने को लेकर भड़का विवाद

# ट्रक ड्राइवर की बात पर खूनी संघर्ष, लाठी-डंडों और रॉड से हमला, 8 आरोपी जेल भेजे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

नगर के हरदेवलाल पारा में पुरानी रंजिश और मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। ट्रक ड्राइवर रखने की बात को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जिसमें लोहे की रॉड और हॉकी स्टिक का इस्तेमाल किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक पक्ष के आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, वहीं दूसरे पक्ष पर भी मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी मोहन साहू ने शिकायत दर्ज कराई है कि 25 दिसंबर की दोपहर अलाउद्दीन अंसारी ने उनके बड़े भाई दुजराम साहू को नए ड्राइवर को काम पर रखने से मना करने की बात पर गाली-गलौज की थी। दोपहर में मामला शांत हो गया था, लेकिन रात करीब 8 बजे विवाद फिर गहरा गया।

आरोप है कि अलाउद्दीन अंसारी के बेटे आबिद और साजिश अंसारी ने लोहे की रॉड और डंडा लेकर कृष्णा साहू के ऑटो पार्ट्स दुकान में घुसकर मोहन साहू के पुत्र प्रांजल पर प्राणघातक हमला कर दिया। हमले में प्रांजल के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा।

## हरदेवलाल पारा में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट

### आरोपी पहुंचे सलाखों के पीछे

मोहन साहू की रिपोर्ट पर सिमगा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 191(2), 191(3), 296, 351(3), 115(2), 109 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया है।



### दूसरे पक्ष के खिलाफ भी अपराध दर्ज

वहीं, दूसरे पक्ष (अंसारी पक्ष) की शिकायत पर पुलिस ने मोहन साहू, दुजराम साहू, प्रांजल साहू और टिंगू साहू के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की बारीकी से विवेचना कर रही है ताकि घटना की पूरी सच्चाई सामने आ सके।

### बीच-बचाव करने आए लोगों पर भी हमला

जब मोहन साहू अपने बेटे को बचाने पहुंचे, तो अलाउद्दीन, हामिद, इरफान, हनीफ और साहिल अंसारी ने उन पर भी हॉकी स्टिक और रॉड से हमला कर दिया। इस हमले में मोहन साहू के चेहरे, हाथ और जांघ में चोटें आई हैं। घटना के दौरान पास ही के सैलून संचालक कुश सेन ने जब बीच-बचाव की कोशिश की, तो आरोपियों ने उन्हें भी नहीं बख्शा और उनके सिर पर वार कर घायल कर दिया।

## मेहर समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज



**सेल।** कसडोल ब्लॉक के मेहर समाज द्वारा 28 दिसम्बर को आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन में मुख्य अतिथि विधायक इंद्र साव शामिल होंगे। कसडोल ब्लॉक अध्यक्ष शाहिद एन डांडेकर ने बताया कि प्रथम सत्र के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाटापारा विधायक इंद्र साव होंगे। अध्यक्षता समाज के प्रदेश अध्यक्ष हेमराज बाकरे करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कसडोल विधायक संदीप साहू मौजूद रहेंगे। द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गुरू साहेब होंगे। अध्यक्षता खेमराज बाकरे करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंत्री राजेश अग्रवाल पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा सनम जांगड़े मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में युवक-युवती परिचय सम्मेलन के अलावा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाएगा।

## रानीगढ़ में चार दिवसीय गुरु घासीदास जयंती महोत्सव का शुभारंभ आज

**बिलाईगढ़।** रानीगढ़ में गुरु घासीदास बाबा की जयंती पर आज से चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में प्रथम दिवस मुख्य अतिथि के रूप में जांजगीर लोकसभा सांसद कमलेश जांगड़े, द्वितीय दिवस प्रशांत मोहना, तृतीय दिवस मनीष चेलक तथा चतुर्थ एवं समापन दिवस पर बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।



कार्यक्रम के दौरान पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रथम पुरस्कार 18 हजार रुपये, द्वितीय 15 हजार रुपये, तृतीय 10 हजार रुपये, चतुर्थ 7 हजार रुपये, पंचम 5 हजार रुपये, षष्ठम 3 हजार रुपये तथा सप्तम 1,500 रुपये निर्धारित किया गया है। वहीं मंगल भजन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 1,500 रुपये, द्वितीय 1,000 रुपये एवं तृतीय 700 रुपये दिया जाएगा। सभी पंथी पार्टियों को ▶▶ शेष पेज 13 पर

## जिला पंचायत सीईओ ने किया पीएम आवासों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

जनपद पंचायत सिमगा के विभिन्न ग्राम पंचायतों का जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्या अग्रवाल ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों व हितग्राहियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माणाधीन आवासों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए।


सीईओ ने जनपद पंचायत सिमगा के ग्राम पंचायत दामाखेड़ा, किरवई, धोबनी एवं बछेरा का दौरा किया जिसमें वर्ष 2024-25 और 2025-26 के निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवासों की जमीनी हकीकत से रूबरू हुईं। इस दौरान विशेष रूप से हितग्राही ▶▶ शेष पेज 13 पर



## दो सूने मकानों में चोरी, लाखों के सामान पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शुक्रवार की रात शहर के परशुराम वार्ड के दो सूने घरों का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लाखों के सोने-चांदी के आभूषण नगद सहित अन्य समान चोरी कर फरार हो गए। पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात चोरों की पतासाजी में जुट गई है। पुलिस के डाग स्कावड की टीम भी चोरी के पड़ताल में जुटी हुई है। इस संबंध में एडीशनल एसपी एचएस सिदार ने बताया परशुरामवार्ड निवासी उमाशंकर जायसवाल पूर्व सैनिक और वर्तमान में सिक्योरिटी गार्ड का काम करते हैं के घर का ताला तोड़कर सोने का हार, कान की बाली, चांदी के आभूषण सहित नगद राशि की चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायी गई है। उन्होंने बताया उमाशंकर की पत्नी बच्चे शीतकालीन छुट्टी में अपने मायके गये हैं और वह रात को घर में तालाबंद कर अपनी ड्यूटी में चला गया था। उसी वार्ड में राजू रात्रे के घर में भी चोरों ने धावा बोला और उसके भी घर से बर्तन, कंबल, खिलौने व मोटर सायकिल की बैटरी को चोरी कर फरार हो गये। राजू रात्रे अपने ससुराल गया था और घर में ताला बंद था, जिसे चोरों ने धारदार हथियार से काटा। यहां से चोर लगभग 50 से 60 हजार के सामान की चोरी कर ले गए है। बताया जाता है कि आसपास लगे सीसी टीवी कैमरे को देखने बाद फूटेज सामने आये है, उसमें चार से पांच संदेही नजर ▶▶ शेष पेज 13 पर



## 110 लीटर महुआ शराब जब्त, लहान किया नष्ट





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ आबकारी विभाग ने सख्त तेवर अपना लिए हैं। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश और जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में संयुक्त टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर कुल 94,000 रुपये मूल्य की कच्ची महुआ शराब जब्त की और भारी मात्रा में लाहन नष्ट किया। पहली कार्रवाई में बुधवार को कसडोल वृत्त के अंतर्गत ग्राम मुगलभाटा थाना राजादेवरी में आबकारी टीम ने दबिश दी। यहां आरोपी बरत राम यादव पिता पंचराम के कब्जे से 30 बल्क लीटर हाथभट्टी कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। जब्त शराब की बाजार कीमत लगभग 6 हजार आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) और 59(क) के तहत मामला दर्ज कर उसे विवेचना में लिया है।

दूसरी कार्रवाई बलौदाबाजार वृत्त के ग्राम सुढेली में की गई। मुखबिर की ▶▶ शेष पेज 13 पर




**खबर संक्षेप**



## बैठक में साहू समाज युवा प्रकोष्ठ का हुआ गठन

**कोमाखान।** कोमाखान में साहू समाज सुरमाल परिक्षेत्र क्रमांक 1 के नवनियुक्त पदाधिकारियों की प्रथम बैठक हुई। जिसमें साहू समाज सूरमाल परिक्षेत्र 1 के अध्यक्ष दुबे लाल साहू ने अध्यक्षता की। जिसमें सभी प्रकोष्ठों का गठन किया गया। साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गिरवर साहू, कार्यकारिणी अध्यक्ष जनक राम साहू, उपाध्यक्ष मोहित साहू, सचिव भीमा साहू, सदस्य भुनेश्वर साहू, टिकेश्वर साहू, नेमीचंद साहू, खिलावन साहू, सतीश साहू, पवन साहू, भूपेंद्र साहू शामिल है। आगामी 7 जनवरी को होने वाले राजिम जयंती को बड़े ही धूमधाम से मनाने के लिए निर्णय लिया गया।



## प्रकृति समाज सेवी संस्था ने वृद्धजनों को बांटे कंबल

**महासमुंद।** प्रकृति समाज सेवी संस्था द्वारा संस्था प्रदेश के सचिव अमित यादव के जन्मदिन पर जरूरतमंद एवं असहाय वृद्धजनों को कंबल वितरण किया गया। कड़ाके की ठंड में यह सेवा कार्य बुजुर्गों के लिए बड़ी राहत साबित हुआ। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग समाज का आधार स्तंभ हैं और उनकी सेवा करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने संस्था द्वारा लगातार किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं।



## जयंती समारोह में शामिल हुए तुषार

**महासमुंद।** संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर तेंदूवाही में आयोजित समारोह में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू सम्मिलित हुआ। इस मौके पर तुषार साहू ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने अपने तप, त्याग और विचारों से समाज को नैतिकता, सत्य और करुणा के मार्ग पर अग्रसर किया। उनका जीवन हमें अन्याय, कुरीतियों और भेदभाव के विरुद्ध जागरूक होकर समाज सुधार के लिए निरंतर कार्य करने की प्रेरणा देता है। इस पावन अवसर पर उनके चरणों में नमन कर उनके आदर्शों को आत्मसात करने और सशक्त, समरस व जागरूक समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

# अटल परिसर के उद्घाटन सत्र में गूंजीं अटल की कविताएं, सपनों को पूरा करने संकल्पित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना**

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती जन्म शताब्दी वर्ष पर छत्तीसगढ़ के 115 अटल परिसर का वर्चुअल उद्घाटन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के अनेक मंत्रियों उपस्थिति में किया। बसना नगर में वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

इस अवसर पर बसना विधानसभा संयोजक डॉ एन के अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश अग्रवाल, बसना नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ खुशबू अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष शीत गुप्ता, मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र यादव, जनपद उपाध्यक्ष मोहित पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सीएमओ सूरज सिदार, वरिष्ठ पत्रकार सेवकदास दीवान, भीष्म प्रधान, दीपक यदु, अभिमन्यु जायसवाल, सीडी बघेल, आरके दास, अभय धृतलहरे, मनहरण सोनवानी, अमृत चौधरी, संजय तायल, पूर्व पार्षद मुरारी अग्रवाल, प्रदीप दास, पार्षद मनोज गहरेवाल, शिव नायक, गौतम धृतलहरे, मुजम्मिल कादरी, संगीता नायक, महेंद्र सिंह अरोरा, दीपक शर्मा, सरोज पटेल, दीपक यदु, कावेरी चौधरी, मोनू बंजारा, रेणुका साहू, वीरेंद्र बघेल, प्रशान्त बरिहा, हिमालय सिन्हा, राम यादव एवं नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी तथा गणमान्य जन उपस्थित थे।



उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि डॉ एनके अग्रवाल ने अटल की दूरदर्शिता पर प्रकाश डालते हुए अटल की कविताओं से खूब तालियां बटोरी। उन्होंने अटल की कविता कदम मिलाकर चलना होगा एवं हार नहीं मानूंगा, रार नहीं ठानूंगा से अपने उद्बोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि अटल भारतीय राजनीति के ऐसे युग पुरुष थे जिनकी वाणी में ओज, विचारों में स्पष्टता और निर्णयों में राष्ट्रहित सर्वोपरि रहा।

सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों और विकास की मजबूत नींव रखकर उन्होंने देश को एक नई दिशा दी। उनका कुशल एवं दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति समर्पण सदैव हम सभी को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि अटल की जयंती पर हम सभी को उनके आदर्शों और विचारों को याद करना चाहिए और उन्हें अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अटल की नीतियों और विचारों ने देश को एक नई दिशा दी और हमें उनका अनुसरण करना चाहिए। इस दौरान डॉ खुशबू अग्रवाल ने कहा कि अटल की जयंती पर हम सभी को उनके सपनों को पूरा करने के लिए काम करना चाहिए। अटल की दूरदर्शी सोच के कारण ही आज छत्तीसगढ़ विकास की ओर अग्रसर है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष शीत गुप्ता ने कहा कि अटल ने देश के लिए बहुत काम किया और हमें उनके सपनों को पूरा करने के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए।

### मांग : मजदूरों की सुरक्षा के लिए एडवाइजरी जारी करने की भी मांग

# केरल में छग के अप्रवासी मजदूर की मौत पर केंद्र व राज्य सरकार से एक करोड़ मुआवजा की मांग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

छत्तीसगढ़ के मजदूर की केरल में मॉब लिंचिग से हुई मौत पर प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ ही केरल के मुख्यमंत्री के नाम से डिप्टी कलेक्टर महासमुंद को ज्ञापन सौंपकर मृतक के परिजन को एक करोड़ की मुआवजा व पलायन रोकने के साथ ही बाहरी राज्यों में काम कर रहे मजदूरों की सुरक्षा के लिए एडवाइजरी जारी करने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य के सक्ती जिला निवासी मजदूर रामनारायण बघेल जो मजदूरी करने के लिए केरल गए थे, जिनके साथ 17 दिसंबर को अट्टापल्लम क्षेत्र में बंग्लादेशी होने के शक में नफरती व उन्मादी भीड़ ने मारपीट की, जिसके कारण उनकी मौत हो गई। केरल पुलिस ने वारदात में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तारी अभी तक नहीं कर पाई है। वारदात में शामिल सभी की गिरफ्तारी शीघ्र किया जाए तथा केरल सरकार के अलावा केंद्र व छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मृतक के परिजन को पचास-पचास लाख की मुआवजा देने के साथ छत्तीसगढ़ के अप्रवासी मजदूरों की पलायन रोकने व उनको राज्य के अंदर ही रोजगार मुहैया कराने के साथ ही अन्य राज्यों में जाकर काम करने वालों को सुरक्षा मुहैया कराने एडवाइजरी जारी करने की जरूरत बताया। चूंकि, छत्तीसगढ़ से बाहर जाने वाले कमजोर आर्थिक आय वाली अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के गरीब मजदूर ज्यादा है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बहुत कम पांच लाख की मुआवजा राशि देने की घोषणा की गई है। जबकि, केरल सरकार द्वारा 30 लाख राशि देने की घोषणा की गई है। जबकि, छत्तीसगढ़ सरकार की अपने राज्य की मजदूरों को राज्य में ही काम दिलाने व उनके हितों की सरंक्षण करने की नैतिक जिम्मेदारी है।



**प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज ने मॉब लिंचिग व पलायन को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, केरल व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**

वहीं वर्तमान में देश भर में जाति और धर्म, क्षेत्रवाद के नाम से कट्टरपंथियों द्वारा एक दूषित वातावरण निर्मित किया जा रहा है, जो देश की एकता और अखंडता, सांस्कृतिक विविधता के लिए बड़ी खतरा है। रामनारायण के मौत की मुख्य वजह ऐसे नफरत फैलाने वाले लोग भी हैं जो भोलेभाले लोगों को धर्म, जाति, क्षेत्रवाद के नाम से भड़काकर अपनी स्वार्थ पूर्ति करते हैं। इसलिए नफरती भाषण देने वाले व देश में माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ हर राज्य की पुलिस कड़ाई से पालन करने की पहल करें, जिससे देश के कमजोर गरीब मजदूर व खासकर अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों में सुरक्षा का वातावरण निर्मित हो। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश सहसचिव दिनेश बंजारे, जिलाध्यक्ष विजय बंजारे, जिला सचिव रेखराज बघेल, ब्लॉक अध्यक्ष चित्र कुमार भारती शामिल है।

# खुटेरी में पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)**

समीपस्थ ग्राम खुटेरी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारम्भ 27 दिसंबर को मुख्य अतिथि सुशीला विश्वनाथ माझी, अति विशिष्ठ अतिथि कौतुक पटेल शिक्षक, गेशराम पटेल व कृष्णा ध्रुव ने किया। प्रतियोगिता में कुल 32 टीमें भाग ले रही है। उद्घाटन मैच लक्ष्मीपुर व खुटेरी बी टीम के मध्य हुआ। जिसमें लक्ष्मीपुर टीम विजयी रही। समापन 31 दिसंबर 25 को होगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21 हजार, द्वितीय 11 हजार, तृतीय 7 हजार, चतुर्थ 5 हजार नगद के साथ ही चारो टीम को कप व व्यक्तिगत आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता को सफल बनाने में भुनेश्वर डड़सेना, शीतल ध्रुव, सुरेश ध्रुव, डोंगर सिंग ध्रुव, भूपेंद्र सिन्हा, डॉ संतु पटेल, घनश्याम धांधी, अजय अग्रवाल, कृष्णा ध्रुव, सरोज पटेल, लिलेश्वरी, एवन ध्रुव, बुधराम यादव, शिवचरण ध्रुव, गेशराम पटेल विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में उमाशंकर सिन्हा, रितेश ध्रुव, नरोत्तम ठाकुर, चेतन निषाद, नील सिन्हा, बोधन पटेल, संतोष यादव, अशोक बरिहा, शेखर राहुल व कौशल आदि लगे हुए है। उक्ताशय की जानकारी आयोजक समिति के संयोजक तेज राम यादव ने दी है।

# जिले में वीर बाल दिवस 2025 का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

वीर बाल दिवस पर कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी टिक्वेंद्र जाटवर के मार्गदर्शन में हुआ। वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में केंद्र सरकार द्वारा देशभर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दिवस का उद्देश्य गुरु गोबिंद सिंह के वीर पुत्र साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह के अद्वितीय साहस, सर्वोच्च



बलिदान एवं अमर वीरता से आमजन को अवगत कराना तथा भारतीय इतिहास के युवा नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित करना है।

कार्यक्रम के अंतर्गत वीर बालों के जीवन और बलिदान पर कथा वाचन, कविता पाठ, पोस्टर निर्माण, निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं ऑनलाइन माध्यम से सहभागिता जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, परियोजना कार्यालय, सखी वन स्टॉप सेंटर, मिशन शक्ति हब तथा कलेक्टर कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। वीर बाल दिवस का आयोजन जिला स्तर, परियोजना स्तर, आंगनबाड़ी केंद्रों, जिला बाल संरक्षण इकाई, सखी सेंटर, मिशन शक्ति हब, चाइल्ड लाइन एवं सभी बाल देखरेख संस्थाओं में भी किया गया, जहाँ बच्चों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# सिख समाज शहादत दिवस पर राहगीरों को गर्म दूध पिलाकर दिया सेवा और भाईचारे का दिया संदेश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना**

सिख समाज द्वारा मानवता की मिसाल पेश की हैं। जहां चार साहिबजादों और माता गुजरी के शहादत दिवस की मीठी याद में नगर के मुख्य चौक पर राहगीरों को गर्म दूध पिलाकर सेवा की गई। यह आयोजन सरबंश दानी धन धन गुरु गोबिंद सिंघ के चार साहिबजादे बाबा अजीत सिंघ, बाबा जुझार सिंघ, बाबा जोरावर सिंघ, बाबा फतेह सिंघ, माता गुजरी, भाई मोतीराम मेहरा एवं अनेक सिंघों की शहादत की याद में किया गया। समाज के लोगों ने कहा कि धर्म और मानवता की रक्षा के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले महापुरुषों की स्मृति में यह सेवा कार्य किया जा रहा है। कड़ाके की ठंड में राहगीरों को गर्म दूध वितरित कर समाज ने आपसी भाईचारे और सेवा का संदेश दिया। इस सेवा कार्य में गुरुद्वारा साहिब के बसना के पूर्व प्रधान लाल सिंघ छाबड़ा, मनजीत सिंघ सलूजा, त्रिलोचन सिंघ तलूजा, मनजीत सिंघ छाबड़ा, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष शीत गुप्ता, पार्षद शिव नायक सहित स्थानीय सिख समाज के युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



# महाकाल ने चंद्राकर लायंस को हराकर अटल कप पर जमाया कब्जा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

18 दिवसीय रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का रंगारंग समापन अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस पर 25 दिसंबर की रात्रि को हुआ। 12 टीमों ने सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में क्रिकेट का शानदार प्रदर्शन किया तथा महासमुंद के क्रिकेट प्रेमियों ने शानदार मैचों का लुत्फ उठाया। का आनंद लेने के लिए बाध्य किया। 18 दिनों में 70 लीग मैच आयोजित हुए और उन मैचों के आधार पर क्वालीफाई आधारित सेमीफाइनल के साथ चंद्राकर लायंस एवं महाकाल की टीम फाइनल में प्रवेश किया।

इस समापन अवसर के मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी, अध्यक्षता विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू , पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर एवं पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा रहे। फाइनल मैच के पूर्व दो फ्रेंडली मैच भी यहां पर आयोजित किए गए। पहला मैच नागरिक 11 वर्सेस भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं दूसरा मैच पत्रकार 11 वर्सेस भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने खेला।

रोमांचक फाइनल चंद्राकर लायंस एवं महाकाल 11 के बीच हुआ। जिसमें महाकाल ने चंद्राकर लायंस को हराकर 2025 अटल कप पर कब्जा जमाया। इस मैच को देखने के लिए शहर के क्रिकेट प्रेमियों की भीड़ देखते ही बनती थी और चारों तरफ ढोल और नगाड़ा की आवाज ने फाइनल मैच का रोमांस और भी बढ़ा दिया। मैच समाप्ति के पश्चात घंटेभर चारों तरफ आकाशीय पटाखे की चमकदार रोशनी ने वहां उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। पुरस्कार के रूप में फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच एवं एमबीपी खिलाड़ी के रूप में महाकाल के पकिल टांडी को 11000 नगद एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। पूरा टूर्नामेंट में बेस्ट बैट्समैन के रूप में खेमराज बघेल को 5000 नगद एवं ट्रॉफी से तथा बेस्ट बॉलर के रूप में शिवम चंद्राकर को ट्रॉफी एवं 5000 नगद तथा बेस्ट फील्डर के रूप में ट्रॉफी एवं 3000 रुपए नगद की राशि से खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस 18 दिवसीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में आठ अंपायर की भूमिका निभाने वाले सभी अंपायर को दो कॉमेंटेटर एवं दो स्कोर को भी समिति द्वारा सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। अंतिम में पूरे 18 दिन के इस रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का मूल बातें महेंद्र जैन ने रखी। तत्पश्चात जिला भाजपा के अध्यक्ष ऐतराम साहू ने अपने उद्बोधन में विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं उपविजेता खिलाड़ियों को आने वाले वर्षों के लिए तैयार रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेई के नाम से यह प्रतियोगिता निर्विवाद कराया। अंत में विजेता महाकाल लेमन को अटल कप एवं 121000 तथा उपविजेता टीम को रनर अप अटल कप एवं 91000 हजार रुपए से सम्मानित किया गया। आयोजन में दिनेश रूपरेला, आकाश पांडे, तोरण ध्रुव, आशुतोष जोशी, नईम खान, विकास औसर, रजा चौहान, प्रदीप यादव, सौरभ साहू, शिवम चंद्राकर का सहयोग रहा। संचालन राजेश शर्मा एवं आभार प्रदर्शन महेंद्र जैन ने किया।

## खट्टी मंडल का विराट हिंदू सम्मेलन 31 को

**महासमुंद।** श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या पौष शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि के द्वितीय वर्षगांठ एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन खट्टी मंडल अंतर्गत ग्राम बकमा में 31 दिसंबर बुधवार दोपहर 02 बजे किया गया है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जगल खड़िया (सेवानिवृत्ति जेल प्रहरी एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित) होंगे। मुख्य वक्ता त्रिलोक शर्मा (जिला संयोजक धर्म जागरण) एवं महिला वक्त के रूप में डॉ. वाणी तिवारी (जिला संयोजक धर्म जागरण महिला शक्तिप्रकोष्ठ) उपस्थित होंगे। उक्त जानकारी श्रीकांत शर्मा ने दी है।

### गायत्री शक्ति पीठ महासमुंद में हुआ एक दिवसीय कार्यक्रम

# व्यक्तित्व विकास युवा शिविर का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

अखिल विश्व गायत्री परिवार के निर्देशानुसार गायत्री परिवार महासमुंद द्वारा गायत्री शक्तिपीठ में एक दिवसीय व्यक्तित्व विकास युवा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ ललित मेश्राम, बोधराम साहू, तिलक साहू, बीएन गुप्ता, हीरालाल साहू, परस चौहान, जगमोहन साहू एवं अन्य वरिष्ठजनों द्वारा माता गायत्री की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात महिला मंडल द्वारा युग संगीत की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का प्रथम सत्र सत्संकल्प पाठ के साथ प्रारंभ हुआ, जिसमें हीरालाल साहू द्वारा 18 सूत्रीय संकल्प पाठ कराया गया। इसी सत्र में युवाओं का आह्वान युवा कौन? विषय पर भारत साहू ने प्रकाश डालते हुए बताया कि जिसमें उमंग, उत्साह, स्पष्ट लक्ष्य एवं उसे प्राप्त करने का दृढ़ संकल्प हो, वही सच्चा युवा है। उन्होंने स्वस्थ, शालीन, स्वावलंबी एवं सेवाभावी युवा बनने के अनेक सूत्र बताए। उन्होंने कहा कि ऐसे युवाओं के बल पर ही भारत एक श्रेष्ठ एवं समृद्ध राष्ट्र बनेगा। हम बदलेंगे, युग बदलेगा के संकल्प के साथ प्रथम सत्र का समापन हुआ। द्वितीय सत्र में तिलक साव (पतंजलि योग समिति) द्वारा स्वास्थ्य रक्षा के सूत्र विषय पर मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने जीवन में योग के महत्व को बताते हुए कहा कि दैनिक जीवन में योग को स्थान देने से व्यक्ति निरोग रह सकता है। साथ ही जल को अधिक ऑक्सीजन युक्त बनाने तथा योग द्वारा विभिन्न रोगों के उपचार की विधियों की जानकारी दी। इसके पश्चात नरेश साहू द्वारा व्यक्तित्व विकास के सूत्रों पर प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण दिया गया। उन्होंने बताया कि मानव के चार प्रकार होते हैं पशु मानव, राक्षस मानव, मानव और देव मानव। हमें देव मानव बनने की दिशा में यात्रा करनी है, जिसके लिए आत्ममूल्यांकन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि साधना, स्वाध्याय, संयम और सेवा को अपनाकर ही व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास संभव है। बाह्य एवं आंतरिक व्यक्तित्व दोनों को परिष्कृत करने पर बल देते हुए वेशभूषा, वाणी, आहार-विहार, चिंतन, चरित्र एवं व्यवहार को शुद्ध करने की आवश्यकता बताई। समस्त प्रस्तुति पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन और गतिविधियों के माध्यम से किया गया। अंत में आशीष साहू द्वारा नशामुक्ति विषय पर बच्चों को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी गई तथा नशा न करने का संकल्प कराया गया। शिविर में लगभग 75 बच्चे एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे। प्रश्नोत्तरी सत्र के पश्चात शांति पाठ के साथ शिविर का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में आशीष साहू, अमर साहू, राधेश्याम चंद्राकर, कुमारेश श्रीवास्तव, परस चौहान, भारत साहू, नरेश साहू प्रेमलता साहू, दुलारी चंद्राकर, नीतू साहू का विशेष योगदान रहा।



# भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का संगम कराती है भागवत: निखिलकांत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

धर्म नगरी महासमुंद के विभिन्न वार्डों में भक्तिमय धार्मिक कार्यक्रम श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू सम्मिलित हुए। उन्होंने नयापारा क्षेत्र के वार्ड 06, 07 एवं 08 तथा शंकर नगर वार्ड क्र. 1 में आयोजित श्रीमद भागवत कथा स्थल पहुंचकर भागवत भगवान की पूजा-अर्चना कर नगर की खुशहाली, सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। व्यास पीठ पर विराजित भगवताचार्य का पुष्पमाला, फल भेंटकर सम्मान किया।



साहू ने सभी स्थानों पर कथा सुनने पहुंचे श्रद्धालुओं को संबोधित कर भागवत कथा का महात्म्य बताते हुए कहा कि भागवत कथा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन को अर्थपूर्ण बनाने, आध्यात्मिक उत्थान करने और परम सत्य को प्राप्त करने का एक दिव्य और महान मार्गदर्शक है। भागवत मोक्ष का मार्ग है, जो भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का संगम कराती है। मन को शुद्ध कर भगवान कृष्ण की लीलाओं के माध्यम से जीवन जीने की सही दिशा व उद्देश्य बताती है। इसीलिए इसे 'ज्ञान यज्ञ' भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में महासमुंद के विभिन्न वार्डों में श्रीमद् भागवत कथा का भक्तिमय आयोजन हो रहे हैं। जिससे धर्म नगरी महासमुंद का वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है। ऐसे आयोजनों से बच्चों, युवाओं को अपने धर्म को समझने, जानने का अच्छा अवसर मिलता है तथा आपसी एकता भी प्रगाढ़ होती है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, पार्षद नीरज चंद्राकर, रत्नेश साहू, बिट्टू साहू आदि मौजूद थे।

# नियामक आयोग में अध्यक्ष न होने के बाद भी नए टैरिफ की सुनवाई नहीं होगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष का पद 19 सितंबर से खाली है। अब तक नए अध्यक्ष की नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हो सकी है। इधर नए सत्र 2026-27 के लिए बिजली का नया टैरिफ तय करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य बिजली नियामक आयोग में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर को याचिका दायर करने वाली है।

ऐसे में सवाल यह है कि क्या नए टैरिफ की जनसुनवाई और इस पर फैसला प्रभावित होगा। इस संबंध में आयोग के सचिव एसपी शुक्ला का कहना है कि अध्यक्ष न होने से फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि इस समय आयोग में दो सदस्य हैं। ऐसे में जनसुनवाई भी समय पर होगी और नए टैरिफ पर फैसला हो जाएगा। इस समय भी आयोग में लगातार अलग-अलग मामलों में सुनवाई भी हो रही है। नियमों के मुताबिक पॉवर कंपनी को दिसंबर माह में नए सत्र के टैरिफ के लिए याचिका लगानी रहती है। इस बार अब तक याचिका नहीं लग सकी है। बिजली नियामक आयोग के अधिकारियों के मुताबिक पॉवर कंपनी ने 31 दिसंबर तक का समय मांगा है। इस दिन तक याचिका दायर हो जाएगी। याचिका दायर होने के बाद इस पर आमतौर पर फरवरी में सुनवाई होती है। पिछली बार आयोग में याचिका पर एक बार सुनवाई होने के बाद दूसरी बार इसलिए सुनवाई करनी पड़ी थी, क्योंकि तब आयोग में दो सदस्य नहीं थे। इस समय आयोग में अध्यक्ष नहीं हैं।

इसके बाद भी सुनवाई और कोई फैसला इसलिए प्रभावित नहीं होगा, क्योंकि अब आयोग में नियम बदल गया है। इस समय आयोग में दो सदस्य हैं, अगर अब आयोग में एक सदस्य भी होगा तो भी किसी भी तरह की सुनवाई प्रभावित नहीं होगी। इस समय तकनीकी सदस्य के रूप में अजय सिंह और विधिक सदस्य के रूप में विवेक गनोदवाले हैं। इनके रहते आयोग में लगातार सुनवाई हो रही है और फैसले भी हो रहे हैं।

### याचिका लगने के बाद होगी जनसुनवाई

पॉवर कंपनी नए सत्र 2026-27 के नए टैरिफ के लिए तैयारी कर रही है। कंपनी अपनी तरफ से यह नहीं बताती है कि टैरिफ में कितने फीसदी का इजाफा करना है। पॉवर कंपनी अपने लेखा-जोखा में बताती है कि उसे कितने यूनिट बिजली बिकने का अनुमान है और इससे कितना राजस्व मिलेगा। इसी के साथ पॉवर कंपनी अपना खर्च बताते हुए यह बताती है कि उसे कितने का फायदा होगा। अगर कंपनी का पुराना घाटा रहता है तो उसे बताया जाता है। आमतौर पर कंपनी का पुराना घाटा ही फायदे से ज्यादा रहता है। ऐसे में पुराने घाटे के कारण ही ज्यादा राजस्व की जरूरत होने के बिजली ही कीमत में इजाफा होता है। वैसे कभी भी आयोग पॉवर कंपनी के बताए लेखा-जोखा को पूरी तरह से मान्य नहीं करता है। कंपनी के बताए लेखा-जोखा की पूरी समीक्षा करने के बाद आयोग तय करता है कि वास्तव में क्या स्थिति बन रही है। इसके पहले जनसुनवाई की जाती है। याचिका लगने के बाद आयोग जनसुनवाई की तिथि तय करेगा।

### सितंबर से खाली है अध्यक्ष का पद, दो सदस्य होने के कारण परेशानी नहीं



## खबर संक्षेप

### गुढ़ियारी में 6 जनवरी से श्रीमद भागवत कथा

**रायपुर।** सुविख्यात संत चिन्मयानंद बापू महाराजश्री के श्रीमुख से श्रीमद भागवत कथा विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट शाखा रायपुर द्वारा 6 जनवरी से 13 जनवरी तक अवधपुरी मैदान गुढ़ियारी में संध्या 4 बजे से आयोजित है। आयोजन समिति के



मीडिया प्रभारी नितिन कुमार झा ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि श्रीमद भागवत कथा के सुचारू संचालन के लिए केंद्रीय समिति की आवश्यक बैठक श्री हनुमान मंदिर गुढ़ियारी के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई, जिसमें भव्य आयोजन समिति बनाकर कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से विजय अग्रवाल, ओमप्रकाश मिश्रा, मयंक वैद्य, मनोज तिवारी, सुनील खेमका, प्रकाश महेश्वरी, शैलेन्द्र दुग्गड़, संजय मित्तल, चंद्रचूड़ त्रिपाठी, आशीष तिवारी, नितिन कुमार झा, शैलेंद्र तिवारी, नीरज पाण्डेय, उमेश शर्मा, अनुराग श्रीवास्तव, बृजेश गुप्ता, शंकर जोशी, राजेश जैन, उत्तम पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

### निगम के नेता प्रतिपक्ष को वार्ड की समस्याओं से कराया अवगत



**रायपुर।** चंगोराभाठा स्थित भक्त माता कर्मा वार्ड-67 के रहवासी 30 से 40 परिवारों की महिलाएं अपनी लिखित शिकायत, आवेदन लेकर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी से मुलाकात करने पहुंचीं, जहां सभी महिलाओं ने बताया कि उनके वार्ड में श्री रामनगर में विगत कई वर्षों से एक डेयरी का संचालन हो रहा है, जिसका गोबर रोड और नाली में बहा दिया जाता है। आवारा पशुओं को खुला रोड पर छोड़ दिया जाता है, जिससे सड़कों पर गंदगी फैलती रहती है। इससे सड़कों पर कीचड़ हो जाती है और सफाई न होने के कारण नालियां जाम हैं। महिलाओं के मांगों को लेकर पायल सन्नू गोस्वामी, सीमा देवांगन, विद्या साहू, जमुना नाग, सुनीता पटेल, पूजा सोनी, कुमुद देवांगन, लक्ष्मी साहू, मीना साहू, उषा साहू समेत अन्य यहां पहुंची थीं। डेयरी संचालक द्वारा अपने पशुओं को खुला रखा जाता है। दूसरी ओर आए दिन असामाजिक तत्वों का अड्डा वार्ड में बनता जा रहा है।

### श्रीमद् भागवत महापुराण एवं श्रीराम कथा सहित अनेक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए महामंडलेश्वर

# भगवान कृष्ण की पूजा-अर्चना और भक्ति से मनोकामनाएं होती है पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल





छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज श्रीमद भागवत महापुराण एवं श्रीराम कथा सहित अनेक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। 27 दिसंबर को ग्राम ग्राम पिसीद एवं खरौद में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में तथा ग्राम कौवांताल में आयोजित श्रीराम कथा कार्यक्रम में सम्मिलित। आयोजक परिवारों द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान कृष्णचंद्र स्वयं गौ पालन किया करते थे। वे गौ चारण के लिए भी जंगल में जाते थे, जब साक्षात परमात्मा मनुष्य का शरीर धारण कर गौ माता की सेवा कर सकते हैं तब हमारा और आपका यह परम सौभाग्य है कि हम भी अपने जीवन काल में उनकी सेवा करें, इससे मनुष्य की सभी मानोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं।श्रीराम कथा में मानस के श्रोताओं को अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए उन्होंने कहा कि मुखिया को मुख के समान होना चाहिए, जो खट्टा मीठा आदि अनेक रसों को ग्रहण स्वयं करता है, किंतु शरीर के किन अंगों को कितना रस चाहिए इसका बटवारा विवेक पूर्वक करता है। रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास ने लिखा है कि मुखिया मुख सो चाहिए, खान-पान को एक। पालै पोसै सकल अंग तुलसी सहित विवेक। इन कार्यक्रमों में उनके साथ कमलेश सिंह, सुबोध शुक्ला, गोविंद यादव, चंद्रकांत तिवारी, डॉ. रामचंद्र पटेल, प्रमोद सिंह, पंकज शुक्ला, गौरव सिंह, गुलाब कौशिक, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे सहित अनेक गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए। उल्लेखनीय है कि राजेश्री महंत महाराज अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान ग्राम महंत के ठाकुर परिवार में शोक कार्यक्रम तथा ग्राम पचेड़ा में मांगलिक कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए।

### नवधा रामायण में उमड़ी भीड़



बलौदाबाजार। संजय कॉलोनी निवासी बलौदाबाजार द्वारा राम जानकी मंदिर में नव दिवसीय नवधा रामायण का आयोजन किया गया है, जिसमें अंचल के संगीतकारों, कलाकारों, धर्म प्रेमियों द्वारा संगीत एवं व्याख्यान के माध्यम से पूरे शहर में राम मय का वातावरण बना हुआ है। पहले दिन शुक्रवार को तुलसी मानस मंडली चांपा द्वारा श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में भजन एवं डीएफओ गणवीर धम्मशील द्वारा सांसों की माला में सिमरू भजन प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमुदाय को भाव विभोर कर झूमने मजबूर कर दिए। कार्यक्रम में केके वर्मा ने भी अमृत है हरी नाम जगत में इसे छोड़ विषय रस पीना क्या, भजन प्रस्तुत कर उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। नवधा रामायण समिति द्वारा डीएफओ गणवीर धम्मशील, तुलसी राम वर्मा, केके वर्मा, नेतराम साहू एवं तबला वादक मैकू विश्वकर्मा को श्रीफल, साल एवं सुंदरकांड प्रदान कर सम्मान किया। इस अवसर पर नवधा रामायण समिति संजय कॉलोनी के नरसिंह वर्मा, सुरेन्द्र यादव, मनीष सिरमौर, नंदकुमार साहू, किशन रजक, मिथलेश साहू, हनुमान प्रसाद के अलावा भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# गुरु घासीदास जयंती पर विधायक एवं मत्स्य बोर्ड के उपाध्यक्ष ने चढ़ाया पालो



हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

गुरु पर्व के भक्तिमय श्रृंखला में नगर पंचायत टुण्डरा के तीन दिवसीय गुरू घासीदास जयंती के अंतिम दिवस श्वेत पालो चढ़ावा के अवसर पर मुख्य अतिथि कविता प्राण लहरे विधायक बिलाईगढ एवं छग राज्य शासन के मत्स्य बोर्ड उपाध्यक्ष डा. लखनलाल कैवर्त्य शामिल हुए। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष छतराम साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में भीष्म प्रसाद बंजारे गुरू गोसाई, युधिष्ठिर नायक अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस सोनाखान, मोतीराम साहू विधायक प्रतिनिधि, सी एस सांडे अध्यक्ष प्रगतिशील सतनामी समाज कसडोल, रामप्रसाद साहू अध्यक्ष सहकारी समिति टुण्डरा, पार्षद रमेश धीवर, संतोष देवांगन, गोंटीलाल कैवर्त्य, महेन्द्र बारले, भानुप्रताप घृतलहरे, राहुल बारले, हेमलाल बंजारे, अवधराम बघेल भाजपा युवा नेता, नन्दकुमार बंजारे उपाध्यक्ष प्रगतिशील सतनामी समाज, नकुल बांधे, सतनामी कर्मचारी कल्याण समिति कसडोल से राज महंत सी आर टंडन, आर सी खुंटे आदि भारी संख्या में शामिल रहे। जयंती आयोजन समिति के अध्यक्ष राजमहंत पी के घृत लहरे ने सामाजिक भवनों में अहाता निर्माण एवं जर्जर रंगमंच को नवीन बनाने की मांग रखी। विधायक ने मनके मनखे एक समान, नारी सम्मान, जीवों पर दया एवं खान-पान में सुधार रखते हुते सतनाम को अपने जीवन में उतारने की बात कही। रातभर चले पंथी प्रतियोगिता में प्रथम ईनाम 20 हजार सत के उजागर पंथी पार्टी बिलारी कोहका ने प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर 15 हजार संत के अवतार पंथी कोरडी बिलासपुर, तिहरे ईनाम 15 हजार सूर्योदय पंथी पार्टी गाडामोड जैजेपुर एवं चौथा स्थान नवा अंजोर पंथी पार्टी गिधौरी ने प्राप्त किये। शेष सभी 5 पंथी दलों को 2 हजार रुपये का सान्त्वना राशि दी गई। मंच संचालन जेआर बारले एवं आभार प्रदर्शन रविशंकर बंजारे समिति के उपाध्यक्ष ने किया।

# हाई स्कूल और आंबा का निरीक्षण करने पहुंचे जिपं अध्यक्ष नवीन अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा





भरत देवांगन हायर सेकंडरी स्कूल खरोरा, मांठ एवं केशला आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन कुमार अग्रवाल ने किया। स्कूल में बच्चों के बैठने के लिए अंतरिक्त कक्ष निर्माण व स्कूली बच्चों को प्रैक्टिकल की सामान पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध, स्कूली शिक्षकों की कमी को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस व्यवस्था को लेकर और अधिकारियों को विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

केशला स्थित श्रीहरि टीम एनिमल केयर रेस्क्यू सेंटर का भी निरीक्षण किया और उपचाररत जानवरों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन, जिला मिशन समन्वयक अरुण कुमार शर्मा, एस एम डी सी अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, सहायक वि. खंड शिक्षा अधिकारी एल के जाहिरे, बी आर सी तिल्दा देवेंद्र ठाकुर, संकुल समन्वयक संजय वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल सोनी, शिक्षकगण, आंगनवाड़ी मैडम, साहिका, नारद वर्मा, राहुल देव वर्मा, संतोष सत्यवंशी, नीलम घोघरे, वेदप्रकाश वर्मा, शुभम वर्मा स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### साव और मूणत को सद्बुद्धि दे भगवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जब विधानसभा में पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव ने स्वयं जवाब दिया कि फूड कोर्ट अवैध नहीं है तो तोड़ने का आदेश किसके दबाव में दिया? ताकत और रसूख के अहंकार में व्यावसायियों के सपनों को, उनके बच्चों के भविष्य को कुचला गया। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत साइंस कॉलेज से लगे यूथ हब फूड कोर्ट को तोड़े जाने की घटना को सत्ता के अहंकार और रसूख के नशे में लिया गया फैसला करार देते हुए आज जनता के पैसों को लगातार बर्बाद करने वाले भाजपा सरकार और उनके मंत्री, विधायक को सद्बुद्धि दे भगवान कार्यक्रम रखा। उन्होंने कहा कि जब विधानसभा में अरुण सावजी ने बयान दे दिया कि फूड कोर्ट अवैध नहीं था तो फिर इसे तोड़ने वालों पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई? क्यों मूक दर्शक होकर तमाशा देखते रहे। मंत्री अरुण साव और वर्तमान रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने अपनी ताकत और राजनीतिक प्रभाव दिखाने के लिए एक वैध और जनहितकारी निर्माण को बुलडोजर के हवाले कर दिय।

# विश्रामपुर के इमानुएल सीएनआई चर्च में क्रिसमस पर्व मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा



ब्लाक के ग्राम विश्रामपुर स्थित इमानुएल सीएनआई चर्च में क्रिसमस पर्व की पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने सभी मसीही समाज को बधाई दी। कार्यक्रम में शिवरतन शर्मा ने कहा कि पूरी दुनिया में हिंदू राष्ट्र सिर्फ दो है, नेपाल और भारत। 86 देशों ने अपने आप को मुस्लिम राज घोषित किया हुआ है, बाकि सब देश में क्रिश्चियन समाज के लोग रहते हैं। सबको अपने धर्म के प्रति समर्पित रहना चाहिए। मैं हिंदू हूं हिंदू धर्म को मानता हूं, लेकिन मैं जब कभी गिरजाघर के सामने से निकलता हूं गुरुद्वारा के सामने से निकलता हूं, मस्जिद के सामने से निकलता हूं, मेरा सर दुआ के लिए झुक जाता है। क्योंकि हर जगह प्रभु का वास है और यही भारतीय संस्कृति की विशेषता है कि व्यक्ति अपने धर्म के प्रति निष्ठावान रहते हुए भी सभी धर्मों के प्रति सम्मान का भाव रखता है। श्री शर्मा ने कहा हर साल मैं आपके बीच में आता हूं, यहां पर आकर मुझे आत्मिक खुशी मिलती है। आप सबका प्यार निश्चित तौर पर मुझे भाव विभोर कर देता है। श्री शर्मा ने चर्च के बाजू में नवनिर्मित गार्डन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनिल पांडे किसान नेता, चंद्रमणि तिवारी, हेम सिंह चौहान, आनंद बंजारे, मनोज चौबे, अमित दास एवं समस्त ग्रामवासी की उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### दो सूने मकानों ...

आ रहे हैं, जिन्होंने इस चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर घर में रखे आलमारी सेफ को तोड़ कर पूरा सामान फैला दिए और नगद व सोने चांदी के आभूषणों को अपने साथ ले गये। पुलिस अज्ञात चोरों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

### रानीगढ़ में चार...

सांत्वना पुरस्कार से भी सम्मानित किया जाएगा।कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता गणेश कुमार बंजारे एवं राजकुमार जांगड़े द्वारा किया जाएगा। आयोजन समिति ने पंथी पार्टियों, मंगल भजन मंडलियों, प्रवचनकर्ताओं, कविगणों एवं समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### जिला पंचायत ...

निर्मला, मदन, विजय, दसरू एवं रमेश के आवासों का भौतिक सत्यापन किया गया। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने आवासों के निर्माण की धीमी गति पर नराजगी जाहिर की और संबंधित अधिकारियों व हितग्राहियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माणाधीन आवासों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए एवं वर्ष 2025-26 के सभी आवासो को एक सप्ताह में प्रारम्भ कराने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान सिमगा जनपद के सीईओ सीपी मनहर जिला समन्वयक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

### 110 लीटर महुआ...

सूचना पर आबकारी टीम ने तालाब किनारे झाड़ियों में छापेमारी की। यहां टीम को दो चढ़ी भट्टी और 40 प्लास्टिक बोरियों में भरा 1200 किलोग्राम महुआ लाहन मिला, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। तलाशी के दौरान झाड़ियों में छिपाकर रखी गई 80 बल्क लीटर महुआ शराब भी बरामद की गई।

# साइंस कॉलेज की चौपाटी हटने के बाद अब तक बसी नहीं, धूल खा रही दुकानें, वेंडर भी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान से हटाई गई चौपाटी अब तक बस नहीं पाई है। यहां से हटाकर दुकानों को जिस ओवरब्रिज के पास शिफ्ट किया है, उनमें से एक भी दुकान खुल नहीं पाई है। स्थिति यह है कि इन दुकानों में अब धूल की परत जमने लगी है।

इधर जिस जगह पर चौपाटी को शिफ्ट किया गया है, वह जमीन रेलवे की है, इसलिए इस जमीन पर न ही पीडब्ल्यूडी विभाग रोड का निर्माण कर पा रहा है और न ही इस जगह को साइंस कॉलेज चौपाटी की तरह आकर्षक बनाने कोई कार्य शुरू हो पाया है।



### पानी व्यवस्था के अलावा अन्य कोई कार्य नहीं

नगर निगम प्रशासन के चौपाटी को हटाने के बाद इन दुकानों को दूसरी जगह शिफ्ट किए करीब 22 दिन हो चुके हैं। इन 22 दिनों में नई जगह पर अब तक नगर निगम सिर्फ दुकानों के लिए पानी की व्यवस्था ही कर पाया है। इसके अलावा अब तक चौपाटी में कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

### रेलवे की जमीन इसलिए सड़क का निर्माण भी अटका

जिस नई जगह पर चौपाटी शिफ्ट की गई है, उस चौपाटी से महज 82 मीटर की दूरी पर रेलवे लाइन है। रेलवे की जमीन होने के कारण इस जमीन पर बिना अनुमति के सड़क का निर्माण भी नहीं किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार पीडब्ल्यूडी ने सड़क निर्माण के लिए रेलवे को प्रस्ताव भेजकर अनुमति मांगी है, जो अभी तक मिल नहीं पाई है। सूत्र से ऐसी भी खबर मिली है कि रेलवे ने अनुमति देने से इनकार कर दिया है, क्योंकि चौपाटी को शिफ्ट करने से पूर्व रेलवे प्रशासन से इस संबंध में कोई बातचीत नहीं की गई थी। हालांकि चर्चा में यह भी है कि रेलवे, सुरक्षा के मद्देनजर अनुमति नहीं दे रहा है।

# तिल्दा के बीआरसीसी बने देवेंद्र सिंह ठाकुर



**खरोरा।** वरिष्ठ समन्वयक खरोरा देवेंद्र सिंह ठाकुर को उनके नेतृत्व क्षमता, बेहतरीन कार्यशैली के कारण संतोष शर्मा के प्राचार्य पद पर पदोन्नत होने के पश्चात रिक्त हुए बीआरसीसीस तिल्दा के पद पर देवेंद्र सिंह ठाकुर को नियुक्त किया गया। देवेंद्र सिंह ठाकुर के कार्य ग्रहण करने पर संकुल समन्वयक संघ ब्लॉक इकाई तिल्दा के अध्यक्ष कैलाश बघेल के नेतृत्व में सभी संकुल समन्वयकों द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। कैलाश बघेल का कहना था कि संतोष शर्मा के नेतृत्व में भी तिल्दा ब्लॉक पूरे जिले में अग्रणी था, जिसे हम देवेंद्र सिंह ठाकुर जी के नेतृत्व में भी सामंजस्यता का परिचय देते हुए कायम रखेंगे।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
26 दिसम्बर 2025
SHOW TIME
धुरंधर
शो समय - 12:00, 3:45, 9:00 PM
तु मेरी मै तेरी, मै तेरा तु मेरी
शो समय - 6:00, 9:00 PM
धनेश के आराधना (सीजी)
शो समय - 12:00, 3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### शपथ ग्रहण समारोह आज

**महासमुंद**। कहार भोई समाज के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 28 दिसंबर को सुबह 11 बजे मां कन्हाई परमेश्वरी मंदिर प्रांगण कहार भोई समाज भवन इमलीभाठा में होगा। कार्यक्रम को लेकर युवा टीम एवं महिला टीम की बैठक आहूत की गई। जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रुपरेखा बनाई गई। समारोह में मुख्य अतिथि कहार भोई समाज महासभा के अध्यक्ष भुवन अवसरिया, उपाध्यक्ष पदमा कहार, सचिव पुष्कर कहार, कोषाध्यक्ष गणेश चंद्र गोहिल एवं समाज के अन्य राज के अध्यक्ष, सचिव पंच एवं नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, पार्षद जय देवांगन, माखन पटेल, सुनैना पप्पू ठाकुर होंगे।

### राज्य युवा महोत्सव में गरिमा द्वितीय एवं गुलशन रहे तृतीय


**महासमुंद**। खेल एवं युवा कल्याण विभाग छग द्वारा राज्य स्तरीय युवा महोत्सव वर्ष 2025-26 का आयोजन बिलासपुर में 23 से 25 दिसंबर 2025 तक किया गया। जिसमें महासमुंद जिले के कलाकार शामिल हुए। महोत्सव में महासमुंद जिले के युवा कलाकार लोकनृत्य, पंथी नृत्य, सुआ नृत्य, लोकगीत, वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी नाटक, पारंपरिक वेशभूषा एवं रॉक बैंड सहित कुल 12 विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### तीन प्रकरणों में 6,694 बोरा धान एवं 15,470 बोरा चावल जब्त

**महासमुंद**। जिले में धान के अवैध भंडारण, परिवहन एवं स्टॉक सत्यापन के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सघन कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में तीन अलग-अलग प्रकरणों में बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में धान एवं चावल जब्त किया गया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार सरायपाली एसडीएम अनुपमा आनंद के मार्गदर्शन एवं तहसीलदार श्रीधर पंडा के नेतृत्व में टीम द्वारा श्री साईं राइस मिल सरायपाली में भौतिक सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान स्टॉक में गंभीर कमी पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई की गई। कार्रवाई में कुल 6,000 बोरा धान एवं 15,470 बोरा चावल जब्त किया गया। इसी प्रकार बसना में एसडीएम हरिशंकर पैंकरा एवं तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू के मार्गदर्शन में गठित टीम द्वारा दो राइस मिलों में कार्रवाई की गई। शिव शंकर राइस मिल बसना से 287 पैकेट अवैध धान जब्त किया गया।

## निधन

### धामन दास चंदनानी



**भाटापारा**। स्थानीय निवासी धामन दास चंदनानी का 27 दिसम्बर को निधन हो गया। जिनका अंतिम यात्रा 28 दिसम्बर रविवार सुबह 11 बजे निवास स्थान नारायण हाईट्स से हिन्दू मुक्तिधाम रामसागरपारा जायेगी। वे प्रेम चंदनानी (गुरुदेव स्टोर) के पिताजी व भावेश चंदनानी के दादा थे।

### सुकवारा बाई वर्मा



**मुंडा**। ग्राम परसा पाली निवासी सुकवारा बाई वर्मा 65 वर्ष का निधन हो गया। वह भागवत प्रसाद वर्मा की पत्नी व रवि नारायण वर्मा, राजू वर्मा की माता जी तथा पप्पू वर्मा, लंला वर्मा, शिवा वर्मा, दादू हिमांशु परी की दादी मां थीं। उनका अंतिम संस्कार महानदी खड में किया गया, जिसमें ग्रामवासी व समाज के लोग सम्मिलित हुए।

# वीर साहेबजादों पर आधारित फिल्म ने छात्रों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा वीर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में देशभक्ति, त्याग और वीरता की भावना जागृत करने के उद्देश्य से भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दशमेश गुरु गोविंद सिंहजी के वीर साहिबजादों जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

भाषण प्रतियोगिता में छात्र ब्यास नारायण महिलांगे एवं अमन राकेश ने प्रभावशाली विचार प्रस्तुत करते हुए वीर साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान, साहस और धर्मनिष्ठा पर प्रकाश डाला। वहीं छात्र मोतीचंद साहू ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण साहिबजादों जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के जीवन पर आधारित प्रेरणादायक फिल्म का प्रदर्शन रहा, जिसे देखकर छात्र-छात्राओं ने उनके त्याग और बलिदान को अधिक गहराई से समझा।

## कॉलेज में एनएसएस ने मनाया वीर बाल दिवस



### महान आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य श्रीमती सुनीता विक्रम कोशले ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने वीर साहिबजादों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि इतनी अल्प आयु में उनका अडिग साहस और देश धर्म के प्रति दृढ़ निष्ठा, उनके माता पिता द्वारा दिए गए उच्च संस्कारों का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों से ऐसे महान आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. सुमनलता राठौर द्वारा किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पंकज साहू ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों, विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्राध्यापकगण रंगनाथ यादव, दीपक कुमार कुर्रे, कुसुम प्रधान, टीकाराम चौहान, लेविस कुमार, डॉ. ज्योति शर्मा, दूजबाई भारद्वाज, नैना निराला, नरेंद्र राकेश सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने किया नगर पालिका में अटल परिसर का वर्चुवल लोकार्पण

# छत्तीसगढ़ को राज्य बनाकर अटलजी ने निभाया अपना वादा : शिवरतन शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में नगर पालिका सिमगा में निर्मित अटल परिसर का वर्चुवल लोकार्पण मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के 115 नगरी निकाय में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा का लोकार्पण अटल परिसर के नाम से हो रहा है। आज वाजपेईजी का जन्मदिन भी है।

उन्होंने कहा कि म.प्र का गठन 1956 में हुआ, तब से छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश के साथ था और उस समय से ही अलग राज्य निर्माण की बात हमेशा होती रहती थी। धीरे-धीरे लोगों के मन में अलग छत्तीसगढ़ राज्य के लिए आंदोलन की बात आती गई और इस आंदोलन की शुरुआत पं. सुंदरलाल शर्मा बैरिस्टर छेदीलाल पवन दीवान जैसे अनेक लोगों ने की। जब अटल बिहारी वाजपेई सप्रे स्कूल मैदान में आए थे, तो उन्होंने लाखों लोगों के बीच कहा था कि आप मुझे छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीट दो मैं आपको छत्तीसगढ़ राज्य बना कर दूंगा।

छत्तीसगढ़ की जनता ने सिर्फ सात लोकसभा सीट भारतीय जनता पार्टी को जिताकर दी, उसके बाद भी वाजपेई ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया। मप्र के प्रथम मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ला रहे हैं उसके बाद श्यामाचरण शुक्ला, अर्जुन सिंह, मोतीलाल वोरा मुख्यमंत्री रहे, उसके बाद भी कांग्रेस ने कभी छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की बात नहीं की। भाजपा जो कहती है उसको पूरा करती है। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में कहा था कि हम छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण करेंगे और आज छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण हुआ मुझे इस बात की खुशी है कि जब छग राज्य निर्माण हुआ उस समय मैं भी विधायक के रूप में मप्र विधानसभा में था। समय और वक्त बदलता गया, धीरे-धीरे छत्तीसगढ़ का सपना साकार होता गया। आज से 25 साल पूर्व का छत्तीसगढ़ आज का छत्तीसगढ़ जमीन और आसमान का फर्क है। 15 साल के डॉ. रमन सिंह के सुशासन ने और अभी 2 साल से विष्णु देव के सुशासन ने छत्तीसगढ़ के तकदीर और तस्वीर को बदल दिया। हम गर्व के साथ बोलते हैं कि हम छत्तीसगढ़िया हैं।

कार्यक्रम में किसान नेता अनिल पांडे ने कहा कि जैसे गुजरातियों के लिए गुजरात मराठियों के लिए महाराष्ट्र वैसे ही छत्तीसगढ़ियों के लिए छत्तीसगढ़ का निर्माण किया गया है। आज अटल परिसर के लोकार्पण के अवसर पर आप सबको बधाई देता हूं। इस अवसर पर चंद्रमणि तिवारी, छोटू यादव, अभिजीत अवस्थी, धीरज जैन, सचिन जैन, रुक्मणी साहू, वंदना इंगोले, पीतांबर सोनकर, अनूप तिवारी, माया सलूजा, परस पाटकर, विष्णु जायसवाल, टैबू देवांगन, मुकुंद रजक, राजेश सिंह एवं समस्त पार्षदगण पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### गुरु घासीदास जयंती में शामिल हुए मंत्री टंकराम वर्मा

**हथबंद**। सतनामी समाज परिक्षेत्र हथबंद के युवा संगठन की पहल से जोड़ा जैतखंभ की पूजा अर्चना कर शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। शोभा यात्रा गांव की विभिन्न गलियों से पंथी नृत्य एवं अखाड़े का प्रदर्शन करते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया। शोभा यात्रा में पंथी नृत्य का प्रदर्शन किया गया। शोभा यात्रा में शामिल क्षेत्र के जनपद प्रतिनिधि ऋषिकांत पटेल, हथबंद परिक्षेत्र सतनामी समाज के पदाधिकारी, युवा, महिलाएं, एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समाज के पदाधिकारी रमेश कोठारी नरेश अनंत जी, मूलचंद टंडन प्रेमलाल, रमन कुर्रे साधे कोसले सी आर बघेल, एल एल कोसले, के डी कोसले, रूपचंद पाटिल, डॉ. चेलक, राजेश बांधे, रामकुमार कोसले, ढुकालू गायकवाड़, दिलीप चतुरे, भारत बेदराम कोसले, रामदास डहरिया, अनंत, नीलेश अनंत, कन्हैया बांधे, भुनेश्वर जांगड़े, अनंत, मनीराम अनंत, संतोष, मोंटी अनंत, दुष्यंत टंडन आदि समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।



# रासेयो ने असौंदा में आयोजित कराया निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम असौंदा में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई के तत्वावधान में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पलक डेंटल केयर खरोरा से डॉ. सुनीता यादव बीडीएस डेंटिस्ट एवं आरके यादव डेंटिस्ट के सहयोग से लगाया गया, जिसमें ग्रामीणों को दांतों की जांच एवं परामर्श की सुविधा निःशुल्क प्रदान की गई।

शिविर के दौरान विशेषज्ञ दंत चिकित्सकों द्वारा दांतों की जांच की गई तथा दंत रोगों से बचाव के उपायों के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। ग्रामीणों को दांतों की सफाई, कैविटी, मसूड़ों की समस्याओं और नियमित दंत जांच के महत्व की जानकारी दी गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भी अपनी दांतों का जांच कराया। शिविर के छठवें दिन के बौद्धिक कालखंड में सेवानिवृत्त व्याख्याता व भरत देवांगन उपप्राचार्य हरीश देवांगन ने रासेयो में स्वयंसेवकों का योगदान विषय पर बौद्धिक परिचर्चा में स्वयंसेवकों एवं ग्रामीणों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व, उद्देश्य, विशेषताओं एवं प्रतीक चिह्न के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान हरीश देवांगन ने बताया गया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य नॉट मी, बट यू की भावना के साथ युवाओं में सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना है। एनएसएस छात्रों को समाज की वास्तविक समस्याओं से जोड़कर उन्हें समाधान के लिए प्रेरित करता है।

### एनएसएस के प्रतीक चिह्न की दी जानकारी

बौद्धिक परिचर्चा में एनएसएस की प्रमुख विशेषताओं जैसे समुदाय सेवा, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता का विकास, राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक समरसता पर विशेष प्रकाश डाला गया। साथ ही एनएसएस के प्रतीक चिह्न के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि इसका प्रतीक अशोक स्तंभ के चक्र पर आधारित है, जो निरंतर गतिशीलता, प्रगति एवं सेवा भावना का प्रतीक है। चिह्न में प्रयुक्त लाल रंग युवाओं की ऊर्जा को दर्शाता है, जबकि नीला रंग ब्रह्मांडीय चेतना और व्यापक दृष्टिकोण का संकेत देता है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकार शाहिना परवीन, ग्राम असौंदा सरपंच जितेंद्र चंद्राकर एवं समस्त स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

# शोभायात्रा में साहू समाज ने भेंट किया बाबा गुरु घासीदास का प्रतीक चिन्ह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

गुरू घासीदास जयंती पर ग्राम भ्रमण के दौरान शोभायात्रा में ग्राम दतरेंगी के साहू समाज द्वारा शनिवार को गुरू घासीदास बाबा का प्रतीक चिन्ह सतनामी समाज प्रमुख एवं ग्रामवासी के समक्ष भेंट किया। इसमें साहू समाज के अध्यक्ष-विजय साहू, उपाध्यक्ष-जीवन साहू, कोषाध्यक्ष- कमलेश साहू, सचिव साहू एवं नंदकुमार साहू, दाउलाल साहू, मोहन साहू, लोकनाथ साहू, कैलाश साहू, मालिकराम साहू, थलेन्द्र साहू, लेखराज साहू, सुरीत साहू, तिरीथ साहू, बिशेष साहू, ललित साहू, छन्नु साहू, पिरित साहू, दिनेश साहू, प्रितकुमार साहू आदि उपस्थित थे।



# केशला में लगा सोलर पैनल कैंप ग्रामीणों को गिनाये गये लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



ग्राम पंचायत केशला में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ दिलाने एवं लोगों को सोलर प्लांट लगाने प्रेरित करने कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर नवीन कुमार अग्रवाल एवं जिला पंचायत रायपुर के सीईओ कुमार विश्व रंजन उपस्थित हुए।

नवीन कुमार अग्रवाल द्वारा सोलर पैनल लगाने के फायदे के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताए कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों द्वारा सब्सिडी दी जा रही है, जिसका लाभ हर हितग्राही उठा सकते हैं। सोलर प्लांट लगाने से बिजली बिल में भी बचत होगी। वहीं जिला पंचायत सीईओ ने भी सोलर प्लांट लगवाने के लाभ को बताते हुए सभी को सोलर प्लांट लगाने अपील की।कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीईओ रवि कुमार, एडिशनल सीईओ जयकुमार टंडन, एसएमडीसी पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, सरपंच मया कुमार वंशे, उपसरपंच लोमश देवांगन, मंडी अध्यक्ष शिव लाल देवांगन, दुर्गा प्रसाद गेंडरे, लक्समन देवांगन, संतु बंजारे समस्त पंचगण व समस्त नागरिक उपस्थित हुए।

## भागवत कथा के पांचवें दिन अहंकार त्यागने का संदेश दिया

# मर्यादा मनुष्य के चरित्र और संस्कार को दर्शाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

ग्राम करमदा में वर्मा परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा के पांचवें दिन शनिवार को आचार्य पं. नंदकुमार शर्मा ने कहा कि अहंकार मनुष्य के नाश का करना होता है। संसार में नाम रोशन करना है तो अहंकार का त्याग करना होगा।

अहंकार एक ऐसा रोग है जो इंसान को लगता जल्दी है, लेकिन जाता जल्दी नहीं है। इंसान अपने धन दौलत परिवार, पद प्रतिष्ठा के घमंड में रहता है, लेकिन उसे यह पता नहीं होता है यही घमंड एक दिन उसे पतन की ओर ले जाता है और उसका नाश हो जाता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति जीवित रहने पर अपने आप पर घमंड करते रहता है, लेकिन मरने के बाद कुछ भी उसके साथ नहीं जाता है। साथ जाता है तो केवल मनुष्य का कर्म, मनुष्य अपने कर्मों के लेकर साथ जाता है, उसके अनुसार ही उसे कर्मो का फल भोगना पड़ता है। इसलिए हमारे सनातन धर्म और पुराणों मे कर्मो पर विशेष बल दिया गया है कि मनुष्य अच्छे कर्म करके अपने लोक और परलोक दोनों को सवांर सकता है।



उन्होंने बताया कि राजा दिलीप के पुत्र भागीरथी जी हुए, जिन्होंने स्वर्ग की गंगा को धरती पर लाए। इसी कारण मां गंगा का एक नाम भागीरथी भी है। आचार्य ने गंगा की प्रचंड तेज को भगवान शिव ने अपनी जटाओं में धारण करके पृथ्वी पर उतारा। गंगा की महत्ता बताते हुए आचार्य शर्मा ने कहा कि गंगाजी को देवी का दर्जा प्राप्त है। गंगा का जल इतना पवित्र और शुद्ध है कि व्यक्ति के जन्म से लेकर मृत्य तक हर संस्कार और पूजा मे गंगाजल का उपयोग किया जाता है, जिससे आध्यत्मिक और वैज्ञानिक दोनों दृष्टी से अद्वितीय महत्व है। गंगा सभी पापों का नाश करती है और मोक्ष दायिनी भी है। उन्होंने बताया कि लोगों में यह भ्रम होता है कि गंगाजल का पान केवल मृत्यु के समय कराया जाता है, परंतु शास्त्र का कथन है कि गंगाजल का पान प्रतिदिन करना चाहिए, एक मास गंगा जी का सेवन करने से मनुष्य को सब यज्ञों का फल प्राप्त हो जाता है।

# महाविद्यालय में मनाया गया वीर बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय सिमगा में प्राचार्य बीरू लाल बंदरगाह के दिशा निर्देशन में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. रणजीत सिंह अतिथि सहा. प्राध्यापक, शेषकुमार चंद्रवंशी लिपिक, सारथी लिपिक, रतनदीप कौर, हरिश साहू, अमन पाण्डेय, स्वाति, निर्मला, किरण डहरे के साथ अन्य छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थी। सर्वप्रथम डॉ. रणजीत सिंह ने वीर बाल दिवस की बधाई देते हुए सिखों की दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के बाल वीर सपूतों की धर्म की रक्षा हेतु बलिदान को बताया। बीकॉम तृतीय वर्ष की होनहार छात्रा रतनदीप कौर ने भारतीय इतिहास में सिख धर्म की रक्षा हेतु गुरु नानक के वंशजों की शहादत को बताते हुए गुरु गोविंद सिंह के पुत्र जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह की साहस एवं शौर्य के साथ बलिदान को अविस्मरणीय बताया। अन्य छात्राओं ने भी वीर बाल दिवस पर अपने विचार व्यक्त किये।